सागर प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
www.bundelihalchal.com
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com
#Digital Edition
सागर, शनिवार, 10 जनवरी 2026



### शहर में बढ़ी आरओ वाटर की मांग, गुणवत्ता पर संदेह

# जांच के बिना शहर में बिक रहा 40 हजार लीटर पानी

### आरओ के नाम पर कैम्पर में सप्लाई हो रहा साधारण पानी, विभागीय कार्रवाई नदारद





शुभम श्रीवास्तव सागर
7000072344

इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के बाद प्रदेशभर में जल की गुणवत्ता को लेकर शासन-प्रशासन सतर्क है और पानी की जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी बीच शहर और जिले में आरओ फिल्टर पानी और कैम्पर की मांग तेजी से बढ़ी है। लेकिन विडंबना यह है कि आरओ के नाम पर लोगों को जो पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, उसकी शुद्धता को लेकर कोई ठोस जांच नहीं हो रही है। शहर के घरों, कार्यालयों और दुकानों में खरीदे जा रहे आरओ वाटर की गुणवत्ता को लेकर न तो उपभोक्ता आश्वस्त हैं और न ही इसकी नियमित सैंपलिंग हो रही है। अनुमान के मुताबिक जिलेभर में हर माह करीब 40 हजार लीटर से अधिक पानी आरओ या फिल्टर के नाम पर बेचा जा रहा है, जिससे कई लाख रुपये का कारोबार हो रहा है। इसमें कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की खपत घरेलू उपयोग से कहीं अधिक है।

## कैम्पर के पानी की नियमित जांच नहीं

कैम्पर के जरिए लोगों तक पहुंचने वाले पानी की गुणवत्ता की नियमित टेस्टिंग और सैंपलिंग नहीं होती। इसी का फायदा उठाकर कई सप्लायर आरओ वाटर के नाम पर अमानक पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ व्यापारी आरओ वाटर की जगह बोरिंग का पानी ठंडा कर कैन में भरकर सप्लाई कर रहे हैं, जिससे पानी की शुद्धता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**फिल्टर बनाम आरओ पानी:** आरओ का पानी न सिर्फ मीठा होता है बल्कि अधिक शुद्ध भी माना जाता है। आरओ सिस्टम के जरिए पानी की कड़वाहट समाप्त हो जाती है, जबकि साधारण फिल्टर से केवल गंदगी हटती है, कड़वाहट नहीं। इसके बावजूद अधिकतर सप्लायर आरओ का पानी बताकर फिल्टर या सीधे जमीन से निकाले गए पानी की सप्लाई कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि आरओ सिस्टम की तुलना में फिल्टर सिस्टम से पानी तैयार करना कम खर्चीला पड़ता है।

**विभागीय सीमाएं बनी बाधा:** खाद्य एवं औषधि नियंत्रण विभाग के अनुसार वह खुले पानी की सैंपलिंग नहीं कर सकता। विभाग केवल मोबाइल वेन के माध्यम से पीएच लेवल की जांच कर पाता है। आरओ वाटर के सैंपल लेने को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से मार्गदर्शन मांगा गया था, लेकिन जवाब में स्पष्ट किया गया कि केवल पैक-बंद पानी ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत आता है।

**कानूनी परिभाषा में अटका मामला:** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की धारा 3(जे) में खाद्य की परिभाषा के तहत पीने के पानी की श्रेणी में केवल पैक-बंद जल को शामिल किया गया है। इसी आधार पर स्वास्थ्य विभाग आरओ या कैन में सप्लाई हो रहे खुले पानी के सैंपल नहीं ले पा रहा है।

**इंदौर की घटना ने बढ़ाई चिंता:** इंदौर में हाल ही में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे प्रदेश में जल की गुणवत्ता को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस घटना के बाद शासन-प्रशासन द्वारा पानी की जांच पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद शहर में आरओ के नाम पर बिक रहे पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच नहीं हो पा रही है।


मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. डॉ. मोहन यादव जी
के प्रथम खुरई नगर आगमन
10 जनवरी, 2026
एवं
312 करोड़
राशि के निर्माण एवं विकास कार्यों के
लोकार्पण एवं भूमिपूजन
कार्यक्रम में पधारने पर
हार्दिक स्वागत
वंदन...
अभिनंदन
श्री कृपाल सिंह (गोलू राय), मालथौन
सौजन्य : भारतीय जनता पार्टी, विधानसभा क्षेत्र खुरई

## मुख्यमंत्री आज खुरई आएंगे, स्वागत की तैयारियां: पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा- ऐतिहासिक स्वागत होगा

# मुख्यमंत्री के स्वागत में दीपावली की तरह सजा खुरई

प्रवेश संवाद | सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की यह खुरई यात्रा स्वागत, सत्कार और उनके अभिनंदन की दृष्टि से कीर्तिमान बनाएगी। मुख्यमंत्री का आगमन विकसित और समृद्ध खुरई के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। यह विचार पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए व्यक्त किए। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह ने देर शाम अधिकारियों व भाजपा पदाधिकारियों के साथ आमसभा स्थल व हेलीपेड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।

**150 स्वागत मंच बने**: पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुरई के गुलाबरा बगीचा स्टेडियम स्थित हैलीपेड पर 12 बजे हैलीकाप्टर से उतरेंगे। यहां से विशेष रथ में सवार होकर रोड शो के रूप में पुरानी जनपद, परसा चैराहा, झंडा चैक , महाकाली मंदिर, डोहेला किला, पालीटेक्निक रोड होते हुए नवीन गल्ला मंडी के पास आमसभा स्थल पहुंचेंगे। इस दौरान खुरई की बुंदेली परंपरा से उनका अभूतपूर्व स्वागत होगा। मुख्यमंत्री के स्वागत



के लिए खुरई नगर दीपावली की तरह सजाया गया है। पूरा नगर भाजपा के झंडों, मुख्यमंत्री के पोस्टर और फ्लैक्स से पट गया है। पूरे रास्ते में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के कटाऊट लगे हैं। रोड शो रूट पर लगभग 150स्वागत मंच और सैंकड़ों स्वागत द्वार बनाए गए हैं। रोड शो के रुट पर सभी घरों से मुख्यमंत्री के रथ पर पुष्प वर्षा होगी। बुंदेली परंपरा के लोकनृत्य, लोकवाद्यों से सजे विभिन्न सांस्कृतिक दल रोड शो रूट पर मुख्यमंत्री के स्वागत में रहेंगे।

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि बीते दस वर्षों में खुरई का विकास एक दूरगामी विजन के साथ किया गया है। प्रदेश के बड़े, सुंदर, व्यवस्थित और आत्मनिर्भर शहरों में खुरई का अलग स्थान हो इस सोच के साथ खुरई में विकास-यात्रा की आधारशिला रखी गई थी। अधोसंरचना गत विकास के साथ अब खुरई के औद्योगिक और आर्थिक विकास सहित चहुंमुखी विकास की शुरुआत होगी।


उन्होंने कहा कि इस विजन और संकल्प को पूरा करने के लिए खुरई के विकास की आकांक्षी खुरई विधानसभा क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी के स्वागत में इस खुरई यात्रा को स्वागत और अभिनन्दन की दृष्टि से यादगार बनाएगी। मुख्यमंत्री जी 312 करोड़ से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर रहे हैं। उम्मीद है कि वे अपनी ओर से भी कुछ सौगातें क्षेत्र की जनता को दे सकते हैं। विधानसभा क्षेत्र की जनता से वाट्सएप नंबर के माध्यम से मांगे गए सुझावों के आधार पर बनाया गया मांग पत्र मुख्यमंत्री जी को भेंट किया जाएगा।

पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि सभास्थल पर विभिन्न प्रकार के एग्जीबिशन स्टाल लगाए गए हैं जिनके माध्यम से क्षेत्र की विशेषताओं और उपलब्धियों से मुख्यमंत्री जी तथा आमजनता को अवगत कराया जाएगा। इनमें एक जिला-एक उत्पाद में दर्ज खुरई के प्रसिद्ध कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी शामिल है जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। सभा स्थल पर गायिका अनन्या पाल के भजन, देशभक्ति गीतों का सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 बजे ही आरंभ हो जाएगा। पार्किंग, बैठक व्यवस्था, विभिन्न दीर्घाओं, पेयजल, सुरक्षा आदि सभी व्यवस्थाओं का जायजा पूर्व गृहमंत्री ने लिया। व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देकर चाक-चैबंद किया गया है ताकि जनसामान्य को सभास्थल तक आने जाने में असुविधा न हो।

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र की समस्त जनता से रोड-शो और आमसभा में पहुंच कर मुख्यमंत्री जी का भव्य स्वागत करने की अपील की है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कहा है कि मुख्यमंत्री जी के स्वागत के लिए दिए गए आप सभी के दो घंटे खुरई के विकास रथ को तेजगति से आगे बढ़ाने में सहायक होंगे।

**ये रहे मौजूद**: निरीक्षण के दौरान पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के साथ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चैधरी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, धनौरा मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष नीतेश यादव, मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह लोधी, एसडीएम मनोज चैरसिया सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी, नगरपरिषद अध्यक्ष नन्हीं बाई अहिरवार, जनपद अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, हेमचंद्र बजाज, रामनिवास माहेश्वरी, वरिष्ठ पार्षद देशराजसिंह यादव, पार्षद इन्द्राज सिंह, नीतिराज पटेल, बलराम यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रश्मि सोनी, विजय जैन वट्टी, रामशास्त्री शुक्ला, मनोज दुबे, अजीतसिंह अजमानी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव कल्लू, राजू चंदेल, जितेन्द्र सिंह धनौरा,उमेश यादव, ब्रजेश महाराज, श्रीमती अर्चना जैन, निशा नागदेव,विकास सराफ, चंद्रप्रताप सिंह, प्रवीण जैन गढ़ौला आदि उपस्थित रहे।

## आग: 10 फीट तक ऊपर उठीं लपटें 4 फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंचीं



प्रवेश संवाद | बीना

रामपुरा वार्ड स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में गुरुवार देर रात भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कोल्ड स्टोरेज से करीब 10 फीट ऊंची लपटें उठती नजर आईं। धुआं उठता देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। रामपुरा वार्ड की बतेशा वाली गली में स्थित कोल्ड स्टोरेज में गुरवार रात करीब सवा 10 बजे अचानक आग भड़क उठी। कोल्ड स्टोरेज का ढांचा लकड़ी का होने के कारण आग तेजी से फैल गई। आसपास के लोगों ने जब स्टोर से धुआं निकलते देखा तो तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी।

सागर के रामपुरा वार्ड स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में गुरवार देर रात भीषण आग लग गई।

फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक आग ने भीषण रूप ले लिया था। ऊंची-ऊंची लपटें उठती देख आसपास के लोग दहशत में आ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा के लिहाज से लोगों को घटनास्थल से दूर कराया।

**4 फायर गाड़ियों ने 3 घंटे में पाया काबू**: आग बुझाने के लिए नगर निगम की तीन और मकरोनिया की एक फायर ब्रिगेड गाड़ी को मौके पर बुलाया गया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। इसके बाद कूलिंग का काम जारी रखा गया, ताकि आग दोबारा न भड़के।

नगर निगम फायर शाखा प्रभारी सईदउद्दीन कुरैशी ने बताया कि कंट्रोल रूम पर कोल्ड स्टोरेज के पास धुआं उठने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर आग काफी विकराल थी, जिसके चलते चार फायर गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# देवरी नगर पालिका अध्यक्ष के पति से मारपीट, चुनाव प्रचार कर रहे समर्थक से हुआ विवाद

प्रवेश संवाद | सागर

सागर की देवरी नगर पालिका के अध्यक्ष पद को लेकर राज्य सरकार के प्रस्ताव पर मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे राइट टू रिकॉल खाली कुर्सी-भरी कुर्सी चुनाव के प्रचार में लगे युवक से मारपीट के बाद मामला गरमा गया है। मामले को लेकर देवरी थाना पहुंचे अध्यक्ष पति के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। जिसके संबंध में उन्होंने थाने में शिकायती आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, देवरी नगरपालिका के अध्यक्ष पद को लेकर राइट टू रिकॉल चुनावों का सामना कर रही वर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश



जैन के चुनाव प्रचार में लगे एक युवक के साथ गुरुवार को नगर के नगर पालिका चौराहे पर मारपीट की गई। प्रचार वाहन के कांच फोड़े गए। आरोप है आरोपी द्वारा युवक को चुनाव प्रचार से रोका गया था। इंकार करने पर घटना को अंजाम दिया गया। मामले की शिकायत थाने में की गई।

पुलिस ने फरियादी गौरव पिता अमरसींग गौड़ निवासी महाकाली वार्ड की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ एनसीआर दर्ज की। नगरपालिका अध्यक्ष नेहा जैन और उनके पति अलकेश जैन ने देवरी थाने में लिखित शिकायती आवेदन दिया है। जिसमें आरोप लगाते हुए कहा है कि अलकेश जैन जब मारपीट के मामले में गौरव के साथ थाने शिकायत करने पहुंचे तो वहां मौजूद संदीप जैन द्वारा उनके निज सहायक से गालीगलौज की गई। रोकने पर उनके साथ गालीगलौज कर मारपीट की गई। उनका आरोप है कि चुनाव प्रचार करने से रोकने के लिए समर्थकों को डराया धमकाया जा रहा है।

संदीप जैन ने उन पर लगाए गए आरोपों को लेकर कहा कि चौराहे पर किसी का विवाद हुआ था। जिसमें अलकेश द्वारा मेरा झूठा नाम लिखाने की कोशिश की जा रही थी, पता चलने पर मैं थाने गया और कहा कि विवाद से मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

शिकायतकर्ता ने भी कहा कि आपका इसमें कुछ नहीं है। जिसने मेरे साथ मारपीट की है उसकी रिपोर्ट दर्ज कराने आए हैं। देवरी थाना प्रभारी हरिराम मानकर ने बताया कि दोनों पक्षों को समझाइश दी है। अलकेश जैन से एफआईआर दर्ज कराने की बात कही थी। लेकिन वह आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कार टक्कर में दो की मौत, परिजन ने किया चक्काजाम

## बीना-खिमलासा रोड पर शव रखकर प्रदर्शन, मुआवजे और कार्रवाई मांग

प्रवेश संवाद | बीना

बीना के खिमलासा के पास बीती रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई। आज शुक्रवार को परिजनों ने बीना-खिमलासा रोड पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। यह घटना कृषि उपज मंडी के पास हुई। परिजन कार ड्राइवर पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, बसाहरी निवासी प्रमोद अहिरवार (35) खिमलासा से सामान लेकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कृषि उपज मंडी के पास पीछे से आ रही एक तेज



रफ्तार कार अनियंत्रित होकर उनकी बाइक और राहगीर राजू उर्फ पप्पू आदिवासी (58), निवासी बसाहरी को टक्कर मारते हुए सड़क से नीचे झाड़ियों में जा फंसी। हादसे में बाइक सवार प्रमोद और राहगीर राजू की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**कार ड्राइवर के खिलाफ कार्वाई की मांग**: शुक्रवार दोपहर को दोनों शवों का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने बीना-खिमलासा रोड पर बसाहरी गांव के पास शव रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया। उनकी मुख्य मांग है कि कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और मृतकों के परिवारों को उचित सहायता राशि प्रदान की जाए। चक्काजाम की सूचना मिलते ही खिमलासा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पंचायत की ओर से अंतिम संस्कार के लिए प्रत्येक मृतक के परिवार को पांच-पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात बाधित हुआ।

### भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर किया मंथन

# भाजपा की अहम बैठक: कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने विकास कार्यों व आगामी कार्यक्रमों पर की चर्चा

**प्रवेश संवाद ✿ सागर**

शुक्रवार को मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल सागर प्रवास पर रहे। इस दौरान वे संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित भाजपा संगठन के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं पार्षद दल की बैठक में शामिल हुए। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, नगर निगम महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार सहित पार्षदगण एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने उपस्थित पार्षदों एवं संगठन पदाधिकारियों से संगठनात्मक एवं समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की तथा आगामी






कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने मंत्री पटेल को पार्टी की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया तथा सागर विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की जानकारी भी दी। बैठक का संचालन पार्षद दल सचेतक शैलेंद्र ठाकुर ने किया। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सागर प्रवास के दौरान कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं योगाचार्य विष्णु आर्य जी के निवास पर पहुंचकर उनसे भेंट की और उनका कुशलक्षेम जाना। इसके साथ ही उन्होंने वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र सिंह मोकलपुर के निधन पर उनके निवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद आर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, अमित बैसाखिया, यश अग्रवाल, श्याम नेमा, सर्वजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जेसीआई सागर का सुपोषित मां, स्वस्थ शिशु विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**प्रवेश संवाद ✿ सागर.**

जेसीआई सागर द्वारा सुपोषित माँ, स्वस्थ शिशु विषय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रसूति गृह, नमक मंडी में किया गया। कार्यक्रम में मातृ पोषण व शिशु स्वास्थ्य पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर माताओं को ड्राय फ्रूट्स तथा बच्चों को बेबी एसेंशियल किट वितरित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष जेसी सारांश जैन ने किया। इस दौरान सचिव जेसी सेठ संदर्भ जैन, कोषाध्यक्ष जेसी संकल्प मलैया, लेडी प्रेसिडेंट जेसी स्वाति सिंघई, जॉइंट लेडी प्रेसिडेंट प्रियाल जैन एवं बोर्ड मेंबर हर्ष सराफ उपस्थित



रहे। साथ ही जेसीआई सदस्य जेसी हिमांशु सराफ, जेसी सौरभ रांदेलिया, जेसी यशा जैन, जेसी विशाल जैन, जेसी अपूर्व जैन एवं जेसी सपना चौधरी की भी सहभागिता रही। जेसीआई सागर ने भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर ने दिया अंत्योदय और विजय का मंत्र

**प्रवेश संवाद ✿ सागर**

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय सागर प्रवास के दौरान नरयावली विधानसभा के परसोरिया शक्ति केंद्र की महत्वपूर्ण सांगठनात्मक बैठक को संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय और भावनात्मक स्वागत किया।

**संगठन ही सर्वोपरिः डॉ. गुर्जरः** बैठक में डॉ.अल्का गुर्जर ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने भाजपा के 'पंचकमल' और 'संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण' पर बल दिया। उन्होंने



कहा,भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक पवित्र विचार है। जहां 'अंत्योदय का लक्ष्य' और 'नेशन फर्स्ट' संकल्प सर्वोपरि है। हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। एक कार्यकर्ता के रूप में हमारी पहचान 'चरैवेति-चरैवेति' के मंत्र के साथ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति (अंत्योदय) की सेवा करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाकर संगठन को 'अजेय' बनाएँ। उन्होंने जोर देकर कहा कि शक्ति केंद्र ही भाजपा की जीत का सबसे मजबूत आधार स्तंभ है।

क्षेत्रीय विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने स्वागत भाषण देते हुए कहा, हम सौभाग्यशाली हैं कि राष्ट्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन हमारे लिए पाथेय के समान है। हम सामूहिक नेतृत्व और सक्रिय सहभागिता के साथ संगठन के प्रत्येक निर्देश को धरातल पर उतरने के लिए प्रतिबंध है।हम संकल्पबद्ध हैं कि हमारे शक्ति केंद्र से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को अभेद्य बनाएंगे और सेवा ही संगठन के मंत्र को चरितार्थ करेंगे।अंत में मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी,चैन सिंह, जगन्नाथ गुरैया, यश अग्रवाल,शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, योजना प्रभारी,सोशल मीडिया प्रभारी सहित भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरकार की जनविरोधी नीतियों और प्रशासनिक विफलताओं के खिलाफ कांग्रेस का शंखनाद 11 को

**प्रवेश संवाद ✿ सागर**

केंद्र और प्रदेश में बैठी भाजपा की सरकारों द्वारा जनता पर चौतरफा प्रहार किया जा रहा है। ये सरकारें जनता को बुनियादी सुविधाएं देने में पूरी तरह विफल रही है और अब संविधान व लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार कर रही है। आम गरीब, मजदूर और युवाओं के हकों को छीना जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ इंदौर में जनता को जहरीला पानी पिलाकर और मतदाता सूची से नाम काटकर अपनी विफलताओं को छिपा रही है। सरकार की इन जनविरोधी नीतियों और प्रशासनिक विफलताओं से प्रदेश और देश की जनता कराह रही है। ये आरोप जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने शुक्रवार को यहां आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार तथा डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार पर




लगाए हैं।पत्रकारवार्ता का संचालन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने किया।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अमित रामजी दुबे, पूर्व विधायक सुनील जैन, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सुहाने, मुकुल पुरोहित, रामकुमार पचौरी, चैतन्य पाण्डे, राहुल चौबे, आनंद हेला, कमलेश तिवारी आदि की उपस्थिति में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता आदरणीय सोनिया गांधी जी के मार्गदर्शन में यूपीए की डॉ मनमोहन सिंह सरकार ने देश में ग्रामीण बेरोजगारी, भुखमरी और पलायन को खत्म करने के लिए काम को संवैधानिक अधिकार के रूप में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कानून (मनरेगा) इस देश के वंचित वर्ग को समर्पित किया था। लेकिन देश के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इस कानून में परिवर्तन लाकर न केवल महात्मा गांधी के नाम से व्यक्तिगत दुर्भावना रखते हुए उनके नाम को मिटा देना चाहते हैं बल्कि देश के वंचित वर्ग का भी हक को छीन रहे हैं। उनका यह बदलाव मजदूरों की मौत का वारंट साबित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस नीति के खिलाफ 'आर-पार' की लड़ाई का ऐलान किया। भाजपा एक तरफ मनरेगा जैसे क्रांतिकारी कानून को खत्म कर मजदूरों को गुलाम बनाना चाहती है।प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने आरोप लगाया कि इस नए कानून में ठेकेदारी प्रथा की वापसी करते हुए ग्राम पंचायतों की शक्तियां छीनकर अब फैसले दिल्ली से 'रिमोट कंट्रोल' द्वारा लिए जाएंगे। स्थानीय मजदूरों की जगह ठेकेदारों को लाकर लेबर सप्लाई का खेल शुरू किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की मोदी सरकार इस नए कानून के माध्यम से गांव के गरीब के हाथ से काम और मजदूरी छीनने की साजिश कर रही है। पहले केंद्र सरकार मजदूरी का 100% भुगतान करती थी, लेकिन अब राज्यों पर 40% का बोझ डालकर योजना को ठप्प किया जा रहा है। केंद्रीय बजट में पिछले तीन वर्षों से मनरेगा के बजट में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई चरम पर है।NMMS ऐप और आधार-आधारित भुगतान प्रणाली की अनिवार्यता के कारण 2 करोड़ मजदूरों से काम का हक छीन लिया गया है।पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने मजदूरी में नाममात्र की बढ़ोतरी की है। कांग्रेस ने सवाल पूछा कि अगर आज हजारों नाम फर्जी बताकर काटे जा रहे हैं, तो ये नाम पहले किसके संरक्षण में और कैसे जोड़े गए थे? यह स्पष्ट है कि भाजपा ने पिछले चुनावों में लाभ लेने के लिए अवैध रूप से नाम जुड़वाए थे और अब अपनी सुविधा के अनुसार नाम कटवा रही है।

### जी राम जी योजना : मजदूरों की महंगाई वृद्धि के आधार पर वेतन वृद्धि होगी, किसानों को नुकसान नहीं होगा

# भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी, योजना बनाने की शक्ति ग्राम सभा और पंचायतों के पास: मंत्री प्रहलाद पटेल

**प्रवेश संवाद सागर**

ग्रामीण विकास के लिए कारगर सिद्ध होगी जी राम जी योजना, मजदूरों की महंगाई वृद्धि के अनुसार वेतन वृद्धि होगी, मजदूरों के लिए पर्याप्त मजदूरी उपलब्ध होगी किसानों को नुकसान नहीं होगा, जी राम जी योजना रोजगार के अवसर प्रदान के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी, अधिनियम से रोजगार की वैधानिक गारंटी 125 दिनों तक बढ़ी, भविष्य की अगुवाई पंचायतें करेंगी एवं योजना बनाने की शक्ति ग्राम सभा और पंचायतों के पास होगी। उक्त विचार पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने सागर में जी राम जी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया, महापौर संगीता सुशील तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, यश अग्रवाल, श्रीकांत जैन, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, जनपद सीईओ भूपेन्द्र अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने जी राम जी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना ग्रामीण रोजगार नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है और सशक्तिकरण, समावेशी विकास, योजनाओं



के अभिसरण (कन्वर्जेस) तथा परिपूर्ण (सेचुरेशन) तरीके से सेवाप्रदाय को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है, जिससे समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेस और परिपूर्णता (सेचुरेशन) के सिद्धांतों पर आधारित यह अधिनियम ग्रामीण रोज़गार को केवल एक कल्याणकारी योजना से आगे बढ़ाकर विकास का एक एकीकृत माध्यम बनाता है। यह ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, शासन और जवाबदेही को आधुनिक बनाता है तथा मज़दूरी रोज़गार को टिकाऊ और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन से जोड़ता है, जिससे समृद्ध एवं सक्षम ग्रामीण भारत की नींव और अधिक मजबूत होती है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यह अधिनियम प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों के मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी प्रदान करता है, बशर्ते परिवार के वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक हों। पूर्व में उपलब्ध 100 दिनों के रोजगार के अधिकार की तुलना में यह वृद्धि ग्रामीण परिवारों की आजीविका को सुरक्षा प्रदान करती है, काम को पहले से अनुमानित करती है और उनकी आय को अधिक स्थिर बनाती है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय विकास में अधिक प्रभावी और सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाती है। बुवाई और कटाई के चरम सीजन के दौरान कृषि से संबंधित गतिविधियों हेतु कृषि श्रम की उपलब्धता आसान करने के लिए, यह अधिनियम राज्यों को एक वित्तीय वर्ष में कुल 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार प्रदान करता है। श्रमिकों को मिलने वाले कुल 125 दिनों के रोज़गार के अधिकार यथावत बनी रहेगी, जिसे शेष अवधि में प्रदान किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के मध्य संतुलित समायोजन सुनिश्चित होता है। यह अधिनियम मज़दूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा किसी भी स्थिति में कार्य की समाप्ति के पंद्रह दिनों के भीतर किए जाने को अनिवार्य करता है। उन्होंने कहा कि यह योजना टिकाऊ और उपयोगी ग्रामीण अवसंरचना से जुड़ा रोजगार उपलब्ध कराएगी। जिसमें जल सुरक्षा एवं जल से संबंधित कार्य, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से संबंधित अवसंरचना, प्रतिकूल मौसमीय घटनाओं के प्रभाव को कम करने वाले कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य 'विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं' से प्रारंभ होते हैं, जिन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर सहभागितापूर्ण प्रकियाओं के माध्यम से तैयार किया जाता है तथा ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है। इन योजनाओं को पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ डिजिटल एवं स्थानिक रूप से एकीकृत किया जाता है, जिससे संपूर्ण-सरकार दृष्टिकोण के अंतर्गत कन्वर्जेस संभव होता है, जबकि स्थानीय स्तर पर विकेन्द्रीकृत निर्णय निर्माण को यथावत बनाए रखा जाता है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत - रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025, विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरुप भारत की ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नया और मजबूत रूप प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम का प्रतिनिधित्व करता है। प्रति वित्तीय वर्ष मज़दूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाकर, यह अधिनियम काम मांगने के अधिकार को और मजबूत करता है, साथ ही विकेन्द्रीकृत और सहभागितापूर्ण शासन को बढ़ावा देता है। यह पारदर्शी, नियम-आधारित वित्तपोषण, जवाबदेही तंत्र, प्रौद्योगिकी (टेक्नालॉजी)-सक्षम समावेशन तथा कंवर्जेस आधारित विकास को एकीकृत करता है, ताकि ग्रामीण रोज़गार न केवल आय सुरक्षा प्रदान करे, बल्कि टिकाऊ आजीविकाओं, सुदृढ़ परिसंपत्तियों और दीर्घकालिक ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान दे।

मंत्री पटेल ने कहा कि योजना रोज़गार की गारंटी और रोज़गार की मांग का अधिकार प्रदान करती है। यह योजना रोज़गार की मांग के अधिकार को कमजोर नहीं करता है। इसके विपरीत सरकार पर पात्र ग्रामीण परिवारों को कम से कम 125 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोज़गार प्रदान करने का स्पष्ट वैधानिक दायित्व निर्धारित करती है। गारंटीकृत दिनों में की गई यह वृद्धि, सुदृढ़ की गई जवाबदेही और शिकायत निवारण तंत्र के साथ मिलकर, इस अधिकार की प्रवर्तनीयता को और मज़बूत करती है।

मंत्री पटेल ने कहा कि विगत सरकारें एवं राजनीतिक दल जी राम जी योजना के संबंध में अनेक भ्रांतियां फैलाने का कार्य कर रही हैं जबकि योजना पूर्णरूप से स्पष्ट एवं मजदूरों एवं देश के विकास के लिए सुदृढ योजना है। इस योजना में 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकारें व्यय करेंगी। उन्होंने कहा कि मजदूरों का वेतन मेंहगाई सूचकांक के अनुसार बढ़ता रहेगा जिससे मजदूर हमेशा लाभ में रहेगा।

## "विकसित भारत: स्व-बोध – उठो और जागो" लेख-लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन

**प्रवेश संवाद सागर.**

राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) के अवसर पर भारतीय शिक्षण मंडल की युवा गतिविधि के तत्वावधान में आयोजित की जा रही "विकसित भारत : स्व-बोध — उठो और जागो (स्वामी विवेकानंद जी की दृष्टि में)" विषयक लेख-लेखन प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक, स्नातकोत्तर विद्यार्थी, शोधार्थी एवं युवा संकाय सदस्य सहभागिता कर सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों के आलोक में युवाओं में आत्मचेतना, राष्ट्रबोध, नेतृत्व क्षमता तथा मूल्य-आधारित चिंतन को सुदृढ़ करना है, जिससे युवा वर्ग विकसित भारत की अवधारणा को केवल भौतिक उन्नति तक सीमित न रखकर वैचारिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक दृष्टिकोण से भी समझ सके। प्रतियोगिता के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर यशवंत सिंह



ठाकुर जी,भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख तथा छत्तीसगढ़ एवं महाकौशल प्रांत के संपर्क अधिकारी डॉक्टर संजय पाठक जी, महाकौशल प्रांत की प्रांत सह मंत्री श्रीमती क्लीं राय जी,महाकौशल प्रांत के विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख प्रोफेसर सुशील काशव जी, महाकौशल प्रांत के युवा गतिविधि प्रमुख डॉक्टर अभिज्ञान द्विवेदी जी,महाकौशल प्रांत के संपर्क प्रमुख डॉक्टर संतोष सोहगौरा जी, महाकौशल प्रांत के प्रचार सह प्रमुख डॉक्टर संदीप शुक्ला जी सहित अन्य शिक्षाविद् उपस्थित रहे। पोस्टर के माध्यम से प्रतियोगिता के विषय, दिशा-निर्देश एवं सहभागिता की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार की वैचारिक एवं बौद्धिक गतिविधियाँ युवाओं में लेखन कौशल के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व-बोध को भी विकसित करती हैं।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर खुरई क्षेत्र में अविराज सिंह ने निकली रथ सभा

**प्रवेश संवाद खुरई.**

युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि 10 जनवरी को खुरई नगर में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के इस ऐतिहासिक दौरे को लेकर खुरई नगर एवं विधानसभा क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करना खुरईवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। अविराज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से क्षेत्र को विकास की नई सौगातें मिलने की पूरी संभावना है। यह दौरा खुरई विधानसभा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जिसमें कई विकास कार्यों के



लोकार्पण एवं घोषणाएं प्रस्तावित हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियों के तहत एक रथ सभा का आयोजन किया गया। यह रथ सभा खुरई विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से होकर निकाली गई। रथ सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा एवं कार्यकर्ता शामिल हुए और मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अविराज सिंह ने बताया कि रथ सभा का उद्देश्य मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना तथा अधिक से अधिक नागरिकों को कार्यक्रम से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि खुरई विधानसभा हमेशा से अतिथियों के स्वागत में अग्रणी रही है और इस बार भी मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आम नागरिक मिलकर व्यापक तैयारियाँ कर रहे हैं, जिससे यह कार्यक्रम खुरई के विकास इतिहास में एक यादगार क्षण बने।

## मंत्री पटेल अस्वस्थ योग गुरु के निवास पर जाकर ली स्वास्थ्य की जानकारी

**प्रवेश संवाद सागर.** नगर में वरिष्ठ पत्रकार विनोद आर्य के पिताश्री, सक्रिय योगगुरु, पहली बार अस्वस्थता महसूस करने वाले, श्री विष्णु आर्य के निवास जाकर उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा कि आदरणीय बिष्णु जी से मेरा युवा अवस्था से आत्मीय संबंध है,वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आदर्श स्वयं सेवक एवं जनसंघ के समय से जुड़े हुए हैं। माँ नर्मदा जी कृपा करें इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, जिलापंचायत सदस्य सर्वजीतसिंह, यश अग्रवाल, श्याम नेमा, सोमेश जड़िया और अमित बैशाखियां आदि मौजूद रहे।



## अभी तक गत वर्ष की तुलना में 1.29 लाख मीट्रिक टन से अधिक हुई धान की खरीदी

**प्रवेश संवाद सागर.** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 6 लाख 78 हजार 113 किसानों से 44 लाख 82 हजार 75 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। उन्होंने बताया है कि इस वर्ष अभी तक गत वर्ष की तुलना में 1 लाख 29 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। गत वर्ष 43 लाख 52 हजार 905 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है।

**13 जनवरी तक स्लॉट बुक करायें:** मंत्री राजपूत ने कहा है कि धान विक्रय के लिए किसान 13 जनवरी तक स्लॉट बुक कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि निर्धारित समय पर स्लॉट बुक जरूर करा लें। धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी। किसानों को 6942 करोड़ रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है।

मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विट्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिली रोड सागर से प्रकाशित। मो. नं. 9926459376
प्रबंध संपादक : अभिषेक पुरोहित, स्थानीय संपादक : शुभम श्रीवास्तवः आर.एन.आई. नंबरः MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।

## शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जिला आपदा प्रबंधन क्षमता विकास' कार्यक्रम का आयोजन

# आपदा प्रबंधन पर हुई एकदिवसीय व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक कार्यशाला

**प्रवेश संवाद सागर**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में कलेक्टर संदीप जी आर एवं संयुक्त कलेक्टर आरती यादव के निर्देशन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल (SDERF) की इंस्टेंट रिस्पांस टीम एवं टास्क फोर्स की प्रशिक्षण टीम द्वारा 'जिला आपदा प्रबंधन क्षमता विकास' कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के समय त्वरित कार्यवाही करने, घायलों की मदद करने और जान-माल के नुकसान को न्यूनतम करने के लिए तैयार करना था। SDERF टीम के कमांडेंट ललित उइके के मार्गदर्शन में कुशल प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान कराया एवं बतलाया कि आपदा दो प्रकार की होती है प्राकृतिक और मानव निर्मित प्राकृतिक आपदाओं में मुख्यतः भूकंप बाढ़ सुनामी जैसी आपदाएं एवं मानव निर्मित आपदाओं में युद्ध हवाई हमले इत्यादि आते है। प्रायोगिक कौशल प्रशिक्षण के दौरान SDERF की टीम ने विभिन्न जीवन रक्षक तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया, जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदु शामिल रहे। प्राथमिक चिकित्सा जैसे रक्तस्राव रोकना, फ्रैक्चर होने पर पट्टी बांधना और बेहोश व्यक्ति को पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) की तकनीक।अग्निशमनः घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव और विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों का उपयोग करने पर आधारित रही। बाढ़ एवं जल बचाव में पानी में डूबते व्यक्ति को बचाने के तरीके और स्थानीय संसाधनों (जैसे खाली बोतल, कैन) से 'लाइफ जैकेट' बनाना।

भूकंप के दौरान स्टॉप, कवर और होल्ड तकनीक का अभ्यास करना बताया गया समीक्षा श्रीधर ने आपदा प्रबंधन उपकरणों की जानकारी दी और सीपीआर संबंधित आवश्यक जानकारी साझा करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए कार्डिक अटैक होंने पर सही समय पर सीपीआर दे दिया जाएं तो उसकी जान बच सकती है। रामानंद ने सीपीआर का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ अमर कुमार जैन ने अंत में SDERF टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'आपदाएं बिना बताए आती हैं, ऐसे में किताबी ज्ञान के साथ-साथ इस प्रकार का व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होगा। प्रशिक्षित युवा समाज के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' की भूमिका महाविद्यालय के विद्यार्थी निभाएंगे। डॉ. सत्येन्द्र उइके, विभागाध्यक्ष, आपातकालीन चिकित्सा, बीएमसी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इसे अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार से डॉ शैलेंद्र सिंह राजपूत, डॉ वरुण यादव डॉ राना कुंजर सिंह एनसीसी अधिकारी डॉ जय नारायण यादव, कीर्ति रैकवार एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ और SDERF के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आपातकालीन स्थिति से निपटने, सीपीआर अथवा कृत्रिम श्वसन संबंधी एवं प्राथमिक उपचार संबंधी प्रशिक्षण दिया

**प्रवेश संवाद सागर.**



पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर में पुलिस मुख्यालय भोपाल के वार्षिक कोर्स कैलेंडर 2026 के अनुसार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक लवली सोनी के मार्गदर्शन में आज पुलिस कर्मियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने, सीपीआर अथवा कृत्रिम श्वसन संबंधी एवं प्राथमिक उपचार संबंधी एकदिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वर्तमान में चुनौतीपूर्ण जीवन में तनाव, खानपान की अनियमितताओं के चलते कार्डिक अरेस्ट या हार्ट अटैक की समस्याएँ बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि पुलिस विभाग के प्रत्येक कर्मचारी को सीपीआर या कृत्रिम श्वसन इत्यादि का उच्च स्तरीय ज्ञान हो। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु पुलिस प्रशिक्षण शाला मकरोनिया सागर में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 36 निरीक्षक से आरक्षक स्तर के अधिकारी/कर्मचारी एवं 15 वन आरक्षक प्रशिक्षण बैच के 306 नवआरक्षक उपस्थित हुए। प्रशिक्षण में व्याख्यान हेतु बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता पी.एस. ठाकुर के निर्देशन पर बुंदेलखंड मेडिकल महाविद्यालय के डॉ. सत्येंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष आकस्मिक विभाग की अध्यक्षता में टीम के माध्यम से प्रशिक्षण संपन्न किया गया। टीम में डॉ. अजय सिंह सहायक प्राध्यापक निश्चेतना विभाग बीएमसी, डॉ. श्री मनोज साहू सहायक प्राध्यापक निश्चेतना विभाग बीएमसी सागर, डॉ. दीपक दुबे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मकरोनिया एवं सहायक उपस्थित हुए।

## एरण महोत्सव का शुभारंभ 14 जनवरी से

**प्रवेश संवाद सागर.**

ऐतिहासिक नगरी एरण बीना स्थित श्री नरसिंह मंदिर परिसर में 14 जनवरी 2026 को सायं 5 बजे से तीन दिवसीय एरण महोत्सव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे। अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे, विशेष अतिथि के रूप में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत उपस्थित होंगे। महोत्सव में सांसद डॉ. लता वानखेड़े सहित क्षेत्र के विधायक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन में लोक कला, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा।

## पानी की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार लापरवाही से समझौता नहीं: खत्री

**प्रवेश संवाद सागर.** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजघाट जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत शहर को प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने टाटा एवं एम पी यू डी सी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जल शोधन संयंत्र पर किसी भी स्थिति में पानी की शुद्धता से समझौता नहीं किया जाएगा तथा नागरिकों को केवल मानक अनुरूप शुद्ध पेयजल ही उपलब्ध कराया जाए।

निगमायुक्त ने कहा कि राजघाट जल शोधन संयंत्र पर पर्याप्त मात्रा में क्लोरीन तथा अन्य आवश्यक रासायनिक सामग्री अनिवार्य रूप से उपलब्ध रखी जाए, ताकि पानी को निर्धारित मानकों के अनुसार शुद्ध कर आपूर्ति की जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जल शोधन की पूरी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रतिदिन पानी की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट तैयार कर निगम को उपलब्ध कराई जाए।

खत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पानी की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी तय कर उनके विरुद्ध पेनाल्टी लगाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा यह विषय अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बेसहारा लोगों के लिए ठंड से बचाव के लिए की गई आश्रय स्थल की व्यवस्था



**प्रवेश संवाद सागर.** नगर में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी बेसहारा व्यक्ति खुले आसमान के नीचे न सोए, इसके लिए नगर निगम की राष्ट्रीय आजीविका मिशन शाखा के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से शहर के प्रमुख स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड, बाजार और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में जो व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोते हुए पाए जा रहे हैं, उन्हें नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में बने आश्रय स्थल में पहुंचाया जा रहा है जहां न केवल सोने की व्यवस्था है, बल्कि वहां कंबल, रजाई और पलंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। ठंड से बचाव के लिए गर्म पानी का भी प्रबंध किया गया है। जिससे किसी भी बेसहारा नागरिक को सर्दी के कारण खुले में न सोना पड़े और परेशानी का सामना न करना पड़े।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

**प्रवेश संवाद सागर.** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा गठित संयुक्त जांच दल जिसमें तहसीलदार राहतगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला सागर जिला नापतोल अधिकारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी राहतगढ़ द्वारा तहसील राहतगढ़ में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया जिसमें खुरई तिराहा स्थित योगेश कैफे में एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक पाई पाई गई जिसका नमूना संग्रहित किया गया एवं घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर जब्ती की गई । एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानो में निरीक्षण कर साफ स्वच्छता संबंधी दिशा निर्देश दिए गए तदोपरांत भोपाल तिराहा स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठान द्वारा लकड़ी के चूल्हे एवं भट्टी का उपयोग खाद्य पदार्थ के निर्माण हेतु पाया गया जिसमें धुएं के उचित निस्तारण के लिउ चिमनी लगवाने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिशिप मेला 12 को सागर में होगा आयोजित

**प्रवेश संवाद सागर**

भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के मार्गदर्शन में तथा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा महोत्सव के अवसर पर युवाओं को अप्रेंटिशिप के व्यापक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि यह मेला दिनांक 12 जनवरी को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सागर (मध्यप्रदेश) में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य प्रदेश एवं संभाग के युवाओं को उद्योगों से सीधे जोड़कर उन्हें अप्रेंटिशिप प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगारपरक कौशल प्रदान करना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिशिप मेला युवाओं के लिए सीखते हुए कमाने' का सशक्त मंच है जिससे वे प्रशिक्षण के साथ-साथ वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्राप्त कर अपने भविष्य को सुदृढ़ बना सकें। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ सहभागिता करेंगी जो आईटीआई उत्तीर्ण डिप्लोमा ग्रेजुएट एवं अन्य योग्य अभ्यर्थियों को उनके कौशल के अनुसार अप्रेंटिशिप के अवसर प्रदान करेंगी। चयनित अभ्यर्थियों को भारत सरकार की अप्रेंटिशिप योजना के अंतर्गत निर्धारित मानदेय (स्टाइपेंड) प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र एवं भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इस आयोजन में भाग लेने वाले युवाओं को अपने साथ बायोडाटा शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपि/आधार/कार्ड/पासपोर्ट साइज फोटो आदि आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे।

## उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले संगठन/व्यक्ति होंगे पुरस्कृत

**प्रवेश संवाद सागर.** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च 2026 के अवसर पर उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों /व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार दिये जायेंगे। आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण कर्मवीर शर्मा ने जानकारी दी है कि पुरस्कारों के लिये संगठनों/व्यक्तियों का चयन 01 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक की अवधि में की गई गतिविधियों के आधार पर किया जायेगा। राज्य स्तरीय तीन पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे। प्रथम पुरस्कार 1,11,000 रु., द्वितीय पुरस्कार 51,000 और तृतीय पुरस्कार 25,000 रुपये का दिया जायेगा।

## जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रमुख संकल्प

# कलेक्टर की सबसे बड़ी कार्रवाई, 41 अपराधियों को किया जिला बदल

**प्रवेश संवाद ❧ सागर**

कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के



41 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रथम कर्तव्य है जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे इसलिए आदतन अपराधियों को जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर संदीप जीआर ने बताया कि आज 41 आदतन अपराधी को जिला बदल किया गया है जिनमें राजू यादव पिता खुशीलाल यादव, उम्र 49 वर्ष, निवासी ग्राम झंडीला, थाना शाहगढ़ को 10 माह, गब्बर पिता जाफर कुरैशी, उम्र 37 वर्ष, निवासी अब्दुल हमीद वार्ड, खुरई, जिला सागर को 5 माह, गौरव उर्फ कृष्णा पिता दीपक रैकवार, उम्र 19 वर्ष, निवासी प्रताप वार्ड, खुरई को 06 माह, सतेन्द्र उर्फ सचिन उर्फ सच्चा पिता हीरालाल अहिरवार, उम्र 21 वर्ष, निवासी सहोद्रा राय वार्ड, खुरई, जिला सागर को 06 माह, राहुल पिता कैलाश कुर्मी, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम ओछामल, तहसील खुरई, जिला सागर को 06 माह, निरंजन पिता फूल सिंह राजपूत, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम सरखड़ी, तहसील खुरई, जिला सागर को 10 माह, सममर सिंह पिता बलिराम लोधी, उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम गन्यारी, थाना बण्डा, जिला सागर को 04 माह, दिनेश उर्फ काली पिता पन्नालाल अहिरवार, उम्र 30 वर्ष, निवासी गांधी वार्ड, बीना को 09 माह, मुलायम सिंह पिता शंकर सिंह, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम मुड्ढ, थाना बांदरी को 08 माह, पिट्टू उर्फ प्रदीप पिता ध्रुव सिंह राजपूत, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम झिरिया आधारपुर, थाना केसली को 09 माह, मनीष पिता जगदीश यादव, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम आपकरंज, थाना केसली, जिला सागर को 07 माह, श्रीकांत पिता जीवन लोधी, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम खेरी, थाना केसली, जिला सागर को 10 माह, ऐशु उर्फ यशवंत पिता रामचरण अहिरवार, उम्र 40 वर्ष, निवासी संत रविदास वार्ड, सागर को 12 माह, राजेश पिता बाबूलाल अहिरवार, उम्र 40 वर्ष, निवासी पगारा रोड, शास्त्री वार्ड, सागर को 10 माह, देवांश उर्फ छोटू पिता सुनील सोनी, उम्र 23 वर्ष, निवासी वैदंती आश्रम के पास, पंतनगर वार्ड, सागर को 12 माह, राजा पिता परमानंद कोरी, उम्र 26 वर्ष, निवासी गोविंद किराना के पास, काकागंज वार्ड, सागर को 12 माह, राजकुमार उर्फ राजकपूर पिता धनीराम अहिरवार, उम्र 35 वर्ष, निवासी शास्त्री वार्ड, सागर को 08 माह, सूरज पिता नंदराम आट्या, उम्र 28 वर्ष, निवासी पंतनगर वार्ड, थाना मोतीनगर, सागर को 12 माह, गोविंद उर्फ भूरा पिता स्व. गंगाराम अहिरवार, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक-05, खिमलासा, तहसील खुरई, जिला सागर को 12 माह, रज्जी उर्फ राजकुमार पिता मानकशाल यादव, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम पथरिया जाट, थाना सिविल लाइन, सागर को 06 माह, पप्पू उर्फ पवन पिता जीवनलाल उपाध्याय, उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम पटना ककरी, तहसील रहली को 06 माह, सरसन पिता मुल्ला कुर्मी, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम पटना बुजुर्ग, तहसील रहली, जिला सागर को 05 माह, रामनेश पिता सुधीर यादव, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम सीहोरा, थाना राहतगढ़, जिला सागर को 12 माह, हल्के उर्फ सोहन पिता नारायण ठाकुर, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम सीहोरा, थाना राहतगढ़ को 06 माह, अनुज सिंह पिता कमल सिंह दांगी उम्र-24 साल नि. ग्राम खुरई थावरी चौकी बिलहरा थाना सुरखी जिला-सागर को 6 माह, सलमान पिता इसराइल खान उम्र 26 साल नि. ग्राम सुरखी जिला-सागर को 6 माह, कमलेश उर्फ करिया पिता ननई लोधी उम्र 28 साल नि. रूरावन थाना छानबीला जिला सागर को 5 माह, महेन्द्र सगोनिया पिता जगदीश कुर्मी उम्र 35 नि. ग्राम गुंजौरा थाना गढ़ाकोटा जिला-सागर को 5 माह, दानिश पिता इस्लाम खान उम्र 19 साल नि. टैगोर वार्ड गढ़ाकोटा जिला-सागर को 6 माह, रामेश्वर पिता मुन्नालाल जाटव उम्र 30 साल नि. भगत सिंह वार्ड गढ़ाकोटा को 6 माह, अनस अली पिता आरिफ अली उम्र-24 साल नि. लाल स्कूल के पीछे वार्ड नं. 03 सागर को 4 माह, बिट्टू उर्फ मोगली उर्फ अमन पिता सुरेश रैकवार उम्र-24 साल नि. पुलिस चौकी के पास शनीचरी सागर को 6 माह, मोहन पिता दीनदयाल पटेल उम्र 27 साल नि. पठवा तिगड्डा तिली गॉव सागर को 9 माह, हुमाम अहमद पिता स्व. इसरार अहमद उम्र 24 साल नि. दीनार टेलर की गली शुक्रवारी सागर को 4 माह, गौरव उर्फ चिन्नू घारू पिता लीला घारू उम्र-23 साल नि. जीएडी कालोनी शंकर जी मंदिर के पास थाना गोपालगंज सागर को 9 माह, राहुल पिता बिहारी लाल यादव उम्र 27 साल नि. बीएमसी के सामने तिली थाना गोपालगंज सागर को 3 माह, इकबाल पिता कदीर खान उम्र 34 साल नि. बसुरयाना मोहल्ला कृष्णगंज वार्ड थाना गोपालगंज सागर को 4 माह, जाहर पिता इंदुर सिंह लोधी उम्र 42 साल नि. ग्राम मढ़ी जमुनिया थाना गौरझामर जिला-सागर को 6 माह, देवराज लोधी पिता मदन लोधी उम्र 32 साल नि. मढ़ी थाना गौरझामर जिला सागर को 5 माह, वीरेन्द्र उर्फ भूरे पिता कुंजबिहारी बिल्थरे उम्र-25 साल नि. बिल्थरयाना मुहल्ला थाना गौरझामर को 6 माह, हल्के उर्फ रामसहाय पिता राजधर यादव उम्र-25 साल नि. कुण्डलपुर कोनिया थाना गौरझामर को 7 माह तक की अवधि के लिए जिला बदर किया।

## आईएमए सागर का सीएचसी रहली में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

# आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने की रक्तदान कर की शुरुआत, 52 यूनिट रक्त हुआ संग्रह

**प्रवेश संवाद ❧ सागर.** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर एवं स्वास्थ्य विभाग सागर के संयुक्त तत्वावधान में सीएचसी रहली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर की शुरुवात में ही आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ,मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेन्द्र सराफ और बी एम ओ डॉ बसंत नेमा ने रक्तदान कर के बहुत ही सकारात्मक पहल दिखायी। कार्यक्रम में मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जितेन्द्र सराफ ने बताया कि रक्तदान शल्य चिकित्सा, दुर्घटनाओं तथा कैंसर व एनीमिया जैसी दीर्घकालिक बीमारियों में जीवनरक्षक सिद्ध होता है। एक यूनिट रक्त को उसके घटकों (रेड सेल्स, प्लाज्मा) में विभाजित करने पर यह तीन मरीजों तक लाभ पहुंचा सकता है।



आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि रक्तदान से न केवल मरीजों को लाभ मिलता है, बल्कि दाताओं को भी स्वास्थ्य संबंधी फायदे होते हैं, जैसे आयरन की मात्रा संतुलित होने से हृदय स्वास्थ्य में सुधार, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच (एचआईवी, हेपेटाइटिस आदि) तथा मानसिक संतोष। इससे सुरक्षित और निरंतर रक्त आपूर्ति सुनिश्चित होती है। उन्होंने यह भी बताया कि सीएचसी एवं दूरदराज़ क्षेत्रों में ऐसे शिविर आयोजित करने से रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियाँ—जैसे कमजोरी या बीमारी का डर—दूर करने में मदद मिलती है। पूर्व सीएमएचओ डॉ. आई. एस. ठाकुर ने कहा कि रक्त का निर्माण संभव नहीं है, इसलिए नियमित रक्तदान से अस्पतालों में सभी आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त आपूर्ति बनी रहती है। शिविर में कुल 52 यूनिट रक्त संग्रहित किया गयाजिनमें से 5 महिलाओं ने भी रक्तदान किया । इस अवसर पर डॉ. बसंत नेमा, डॉ. संदीप असाटी, डॉ. अनामिका, नर्सिंग स्टाफ, आशा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता से कार्यक्रम सफल बनाया।

# अध्यापक संवर्ग द्वारा संचित अवकाशों पर सरकार की कैंची, अध्यापकों ने विरोध जताया

**प्रवेश संवाद ❧ सागर.**

पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर अध्यापकों के साथ हो रहे अन्याय को तत्काल रोकने की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश का अध्यापक वर्ग पहले से ही अनेक प्रशासनिक एवं नीतिगत निर्णयों से आहत है और अब सरकार में बैठे जिम्मेदार लोगों द्वारा अध्यापक हितों पर एक और गहरा प्रहार किया गया है। कल्याण कोष के संस्थापक सतीश खरे ने कहा कि जिन अधिकारों और पात्रताओं को अध्यापकों को नियुक्ति दिनांक से प्राप्त माना गया, उन्हें अब एक-एक कर समाप्त किया, आश्वासनों के आधार पर वर्षों से अध्यापकों से अवकाश काल में भी कार्य लिया जाता रहा है। परंतु अब शासन द्वारा एकतरफा फरमान जारी कर दिया गया है। प्रांतीय संयोजक पवन खरे एवं सह संस्थापक बृजेश असाटी ने बताया पोर्टल पर मेडिकल और अर्जित अवकाश की जानकारी भरने से संबंधी जारी किए गए नए दिशा-निर्देशों में, अध्यापक संवर्ग के 2018 के पूर्व ग्रीष्म अवकाश में किए गए कार्य के बदले मिलने वाले अर्जित अवकाश को समाप्त कर दिया गया है। जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अन्यायपूर्ण है।

प्रांतीय महासचिव मुकेश नेमा ने कहा कि सरकार लगातार शिक्षकों पर प्रहार कर रही है। नया विभाजन, नया नियम अथवा कटौती आदेश लाकर अध्यापक वर्ग को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अध्यापकों को उनके संवैधानिक, वैधानिक एवं सेवा-संबंधी अधिकारों से वंचित करने की यह प्रक्रिया नहीं रोकी गई, तो अध्यापक अपने अधिकारों के लिए संगठित हैं, सजग हैं और संघर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# विकास के प्रति समर्पित विधायक लारिया ने मकरोनिया में प्रगतिरत कार्यों का किया निरीक्षण

**प्रवेश संवाद ❧ सागर.**

नरयावली विधानसभा को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ क्षेत्रीय विधायक इंजी. प्रदीप लारिया एक्शन मोड में हैं। गुरुवार को विधायक लारिया ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता गुणवत्ता और समयबद्धता है, ताकि जनता को शीघ्र अति शीघ्र इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। आस्था और पर्यटन का केंद्र बनेगा संत रविदास लोक स्मारक इस दौरे का मुख्य केंद्र बिंदु मकरोनिया स्थित 'संत रविदास लोक स्मारक' रहा। विधायक लारिया ने स्मारक के निर्माण कार्य का सूक्ष्मता



से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि फरवरी-मार्च 2026 तक इस भव्य स्मारक का लोकार्पण हो ऐसे प्रयास होने चाहिए। यह प्रोजेक्ट न केवल विधानसभा के गौरव को बढ़ाएगा, बल्कि समूचे क्षेत्र में सामाजिक समरसता और पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरेगा। विधायक श्री लारिया ने विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किये जाने के भरकस प्रयास होने चाहिए। मकरोनिया के बुनियादी ढांचे का कायाकल्प स्मारक के साथ-साथ विधायक लारिया ने मकरोनिया नगर पालिका अंतर्गत चल रहे अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का भी जायजा लिया। बजरिया और सड़क निर्माण रजाखेड़ी बजरिया निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए उन्होंने ठेकेदार को वर्क ऑर्डर के अनुसार समय सीमा में काम पूरा करने की हिदायत दी। साथ ही, पद्माकर कॉलोनी में चल रहे रोड चौड़ीकरण, नाली निर्माण, ड्रेनेज और पेवर ब्लॉक कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। **व्यवसाय और पर्यटनः** नागरिकों के मनोरंजन, सुविधा और नगर सौंदर्यीकरण हेतु ट्रेंस मॉल के समीप बन रही 'चौपाटी' निर्माण का अवलोकन कर उन्होंने इसे युवाओं और परिवारों के लिए जल्द तैयार करने को कहा। **खेल प्रतिभाओं को सौगातः** वार्ड क्रमांक 4 स्थित गंभीरिया स्टेडियम के निर्माण कार्य को लेकर विधायक ने विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि 2 करोड़ की राशि से प्रगतिरत इस स्टेडियम का कार्य जल्द पूर्ण हो ताकि क्षेत्रीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए आधुनिक संसाधन मिल सकें।

**कनेक्टिविटी पर जोरः** स्मारक के समीप पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सड़क की मजबूती और फिनिशिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। विधायक लारिया ने बटालियन के नीचे, वार्ड क्र.-6 स्थित लगभग 40 लाख रु. की राशि से निर्माणाधीन परसुराम मंदिर प्रांगण स्थित मंगल भवन की प्रगति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक लारिया ने कहा कि विकास की यह गति रुकनी नहीं चाहिए। संत रविदास लोक स्मारक जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट नरयावली की तस्वीर बदल देंगे। विधायक का यह दौरा उनके उस संकल्प को दोहराता है जिसमें वे विकास कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। मकरोनिया नगर में चल रहे इन कार्यों से न केवल क्षेत्र का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि यह पर्यटन और सांस्कृतिक दृष्टि से भी प्रदेश के मानचित्र पर मजबूती से उभरेगा। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ, पार्षदगण, उपयंत्री,अन्य प्रशासनिक अमला और प्रमुख स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




प्रवेश संवाद

चुप न रहें संवाद करें

#Digital Edition

डिजीटल मीडिया पार्टनर

बुन्देली halchal.com

सागर, शनिवार, 10 जनवरी 2026


## नगर पालिका परिषद के उपयंत्री एवं सीएमओ की लापरवाही से हुआ हादसा

# निर्माणधीन स्वागत द्वार की छत ढही, एक मजदूर की मौत, 3 घायल

## इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के चार्ज में चल रहा था सिविल का काम

**प्रवेश संवाद ✺ नौगांव.**

शहर के धौर्रा रोड पर नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन स्वागत द्वार में शुक्रवार की शाम के समय स्लैब डालने के दौरान भरभरा कर गिरने से बड़ा हादसा हो गया। स्लैब गिरने से काम कर रहे 3 मजदूर नीचे मलबे में दब गए। मौके पर पहुंचें प्रशासन एवं लोगों के सहयोग से रेस्क्यू चलाकर मजदूरों को निकालकर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर एक मजदूर को मृत घोषित किया गया तो वहीं दो घायलों का इलाज चल रहा है। तो वहीं सबसे खास बात तो यह है कि जिस समय यह हादसा हुआ उस दौरान निर्माण का कार्य देख रहे इंजीनियर भी मौके पर मौजूद नहीं थे। नगर पालिका परिषद के द्वारा धौर्रा रोड पर ठेकेदार के माध्यम 9 लाख रुपये की लागत से स्वागत द्वार का निर्माण कराया जा रहा था, शुक्रवार शाम के समय निर्माणाधीन स्वागत द्वार के ऊपरी हिस्से में स्लैब डालने का कार्य चल रहा था, तभी अचानक से स्लैब भरभरा कर गिर गई। स्लैब गिरने से निर्माण कार्य में लगे मजदूर दब गए। हादसा होने से मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई, राहत कार्य के लिए मोहल्ले के लोग दौड़े और हादसे की जानकारी प्रशासन को दी। तो वहीं रहवासियों ने मलबे के नीचे दबे एक मजदूर को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर नगर पालिका की जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और मलबा हटाने की कार्रवाई शुरू की लेकिन मलबे के नीचे मजदूर दबे होने की आशंका के कारण मशीनों से रेस्क्यू करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, क्योंकि मलबे के नीचे मजदूर दबे होने के कारण नगर पालिका के कर्मचारी, स्थानीय लोग और पुलिस के कर्मचारियों ने मिलकर मलबे में जिंदगी तलाश की। हादसे की जानकारी पूरे क्षेत्र में फैल गई जिसके चलते अस्पताल से आधा दर्जन निजी एंबुलेंस और निजी जेसीबी मशीन भी मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू के बाद मलबे में दबे दो और मजदूरों को निकालकर सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में बीएमओ डॉक्टर रविन्द्र पटेल, डॉक्टर एनके गुप्ता सहित अन्य चिकित्सीय टीम ने अस्पताल में पहुंचे तीनों घायलों का इलाज किया गया, जिसमें इलाज के दौरान मजदूर राममिलन बुनकर निवासी करारागंज को मृत घोषित किया गया तो वहीं दो मजदूर संतोष अहिरवार चंदौरा एवं भानू प्रताप कुशवाहा निवासी धौर्रा का इलाज किया जा रहा है। नगर पालिका के सीएमओ और उपन्यत्री की मिलीभगत और लापरवाही ने के मजदूर की जान ले ली। सबसे खास बात तो यह है कि जिस समय यह हादसा हुआ उस दौरान निर्माण का कार्य देख रहे इंजीनियर भी मौके पर मौजूद नहीं थे।










## इलेक्ट्रिकल इंजीनियर प्रभार में देख रहे सिविल का काम

नगर पालिका परिषद नौगांव के द्वारा बनवाए जा रहे स्वागत द्वार का निर्माण कार्य सिविल इंजीनियर से न कराकर इलैक्ट्रिकल इंजीनियर से कराया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक हरपालपुर में पदस्थ इलैक्ट्रिकल इंजीनियर गगन सूर्यवंशी को नगरीय प्रशासन विभाग ने हरपालपुर के साथ साथ नौगांव का भी इलैक्ट्रिकल का कार्य देखने के लिए प्रभार सौंपा गया है। नौगांव नपा के सीएमओ आरएस अवस्थी ने इलैक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में प्रभारी गगन सूर्यवंशी से सिविल इंजीनियरिंग का कार्य सौंप कर कार्य कराया जा रहा था।

## इलैक्ट्रिकल इंजीनियर ने बनाई सिविल इंजीनियरिंग की डिजाइन, डिजाइन फेलियर के कारण हुआ हादसा

नपा सीएमओ आर एस अवस्थी ने नपा में सिविल इंजीनियर के रूप में पदस्थ उपयंत्री आलोक जायसवाल से यह गेट का कार्य न कराकर हरपालपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में नौगांव का अतिरिक्त चार्ज लिए हुए गगन सूर्यवंशी से कराया जा रहा था, मजेदार बात तो यह है कि नपा में सिविल उपयंत्री होने के बावजूद इलेक्ट्रिकल के इंजिनियर से कार्य कराया जा रहा था और तो और इतना ही नहीं इस निर्माण कार्य की डिजाइन भी इलैक्ट्रिकल इंजीनियर के द्वारा तैयार की गई थी। स्वागत द्वार के पिलर की जो डिजाइन इलैक्ट्रिकल इंजीनियर के द्वार तैयार की गई थी उसमें ही खामी बताई जा रही है, सिविल के एक्सपर्ट जानकारों का कहना है कि पिलर में जहां पर सरिया का ज्वाइंट होता है वहां पर लोड ट्रांसफर के लिए ज्वाइंट की जो डिजाइन है वह सही नहीं है, इसलिए जहां पर पिलर में सरिया के ज्वाइंट थे वहीं से यह पिलर झुक गए और पूरा स्वागत द्वार भरभरा कर गिर गया।

मामला दुखद है, सिविल का कार्य इलेक्ट्रिकल के इंजिनियर से नहीं कराया जा सकता है, इस मामले की जांच कराएंगे कि कैसे सिविल इंजीनियर के पदस्थ होने के बावजूद इलेक्ट्रिकल के इंजिनियर को कार्य क्यों दिया गया, किसकी प्रशासकीय स्वीकृति से यह कार्य कराया जा रहा था। मामले की जांच का दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। **-मेघ तिवारी,** ईई,नगरीय प्रशासन विभाग सागर

# सिविल अस्पताल बड़ामलहरा में स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी, ओपीडी समय में डॉक्टर नदारद, मरीज ठंड में तड़पते रहे, बीएमओ मुख्यालय से गायब


संजीत जैन बड़ामलहरा.

सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बड़ामलहरा को 50 बिस्तरों का सिविल अस्पताल भी मिला, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। सिविल अस्पताल बड़ामलहरा में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम यादव ने अपनी टीम के साथ अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। नियमों की खुलेआम अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही साफ तौर पर सामने आई। निरीक्षण के समय शाम 5 से 6 बजे की ओपीडी में केवल 2 डॉक्टर उपस्थित पाए गए, जबकि अस्पताल में करीब 10 डॉक्टर पदस्थ हैं। शासकीय नियमों के अनुसार सुबह 9 से 2 बजे तथा शाम 5 से 6 बजे की ओपीडी में सभी डॉक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य होती है, इसके बावजूद अधिकांश डॉक्टर अनुपस्थित मिले। यह स्थिति शासकीय नियमों के स्पष्ट उल्लंघन को दर्शाती है।

• **बीएमओ मुख्यालय से नदारद**; निरीक्षण के दौरान जब बीएमओ की उपस्थिति के संबंध में जानकारी मांगी गई, तो बताया गया कि वे मुख्यालय छोड़कर छतरपुर अपने घर चले गए हैं, जबकि बीएमओ का मुख्यालय पर रहना अनिवार्य है। जब संस्था का मुखिया ही लापरवाही बरते, तो अधीनस्थ कर्मचारियों से अनुशासन की उम्मीद करना बेमानी प्रतीत होता है।

• **सीएमएचओ के जवाब ने बढ़ाई चिंता** : मंडल महामंत्री आदित्य पटेरिया द्वारा जब अस्पताल की अव्यवस्थाओं से सीएमएचओ को अवगत कराया गया, तो उनके जवाब ने स्वास्थ्य विभाग की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा— "मैं क्या करूं, आप शिकायत करिए, अनुपस्थिति लगा दूंगा।" इस बयान से स्पष्ट है कि जब जिले के जिम्मेदार अधिकारी ही मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे, तो अस्पताल स्टाफ के हौसले बुलंद होना स्वाभाविक है।

• **ठंड में मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार** : कड़ाके की ठंड के बीच अस्पताल के भर्ती वार्ड में मरीजों को न तो बिस्तरों पर चादर उपलब्ध थी और न ही ओढ़ने के लिए कंबल। पेट दर्द से पीड़ित एक महिला मरीज ने बताया कि उसे घर से कंबल लाना पड़ा। निरीक्षण के बाद आनन-फानन में कुछ बेडों पर चादर बिछाई गई, लेकिन जब कंबलों के संबंध में पूछा गया तो पता चला कि पूरे अस्पताल में मात्र दो कंबल ही उपलब्ध हैं।





• **ओपीडी में ड्यूटी रोस्टर भी नहीं** : निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि ओपीडी में डॉक्टरों का कोई भी ड्यूटी रोस्टर चस्पा नहीं किया गया है। मंडल पदाधिकारियों द्वारा जब ड्यूटी रोस्टर की जानकारी मांगी गई, तो जिम्मेदार कर्मचारी जवाब देने से बचते नजर आए। कुछ कर्मचारियों ने साफ तौर पर कहा— "हमें नहीं पता किस डॉक्टर की ड्यूटी है।" लगातार अवगत कराए जाने के बावजूद ओपीडी में रोस्टर न लगाया जाना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

• **स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल** : यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य और सम्मान के साथ खिलवाड़ भी है। भाजपा मंडल ने मांग की है कि दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, बीएमओ की भूमिका की जांच हो तथा अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष विक्रम यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरजा प्रसाद पटेरिया, उपाध्यक्ष जीत सिंह, उपाध्यक्ष देवशंकर शुक्ला, महामंत्री आदित्य पटेरिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवा और संस्कार से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण : कुलगुरु डॉ. मिश्रा



प्रवेश संवाद बक्सवाहा. स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर 06 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर में समाजसेवा और राष्ट्रनिर्माण की भावना को मजबूत करने वाले विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि सेवा, अनुशासन और संस्कार ही किसी भी सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होते हैं। स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को आत्मनिर्भर, चरित्रवान और राष्ट्रभक्त बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक रूप से भी जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. शक्ति जैन ने कहा कि सेवा सप्ताह युवाओं में मानवीय संवेदना, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

## धुबेला में छात्रों को प्रकृति और वन संरक्षण का अनुभव कराया गया

प्रवेश संवाद नौगांव. ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा संचालित अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत वन मंडल छतरपुर की बीट महेबा स्थित धुबेला में अनुभूति कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त छतरपुर नरेश यादव के निर्देशन तथा वन मंडल अधिकारी सर्वेश सोनवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कैंप में केंद्रीय विद्यालय छतरपुर, महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय छतरपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटवारा के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विद्यार्थियों को वन क्षेत्र, वन्य प्राणी, वन संरक्षण एवं प्रकृति सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के तहत छात्रों को भीम




कुंड, रानी कमलापति स्मारक, महाराजा छत्रसाल का समाधि स्थल, धुबेला संग्रहालय एवं नेचर ट्रेल का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों की समझ और जानकारी परखने के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। अनुभूति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नौगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश पाठक रहे। जिन्होंने बच्चों को प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

## मेला महोत्सव के तहत 70वें अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन पूल बी के मुकाबले खेले गए

प्रवेश संवाद नौगांव.

शहर के राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित 70 वें मेला महोत्सव के तहत शुक्रवार को पूल बी के दो मैच खेले गए। जिसमें चंडीगढ़ ने नोएडा को और गाजियाबाद ने हरियाणा को हराया।

नगर पालिका परिषद द्वारा राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम के टर्फ विकेट पर 70 वें मेला महोत्सव के तहत आयोजित किए जा रहे अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत शुक्रवार को पहले मैच में एमपीएस नोएडा का सामना चंडीगढ़ से हुआ। जिसमें चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18ओवर के मैच में 5 विकेट खोकर 190 रन का स्कोर खड़ा किया।



चंडीगढ़ के बल्लेबाज निर्मान ने 72 रन, राहुल ने 39 रन, निशांत 21 रन , अंकित नागर ने 31 रनों का टीम के स्कोर में सहयोग किया। नोएडा के गेंदबाज हर्ष ने 3 विकेट और लोकेश नागर एवं अंकित नागर को 1- 1 विकेट मिला। जीत के इरादे से बल्लेबाजी करने उतरी नोएडा की टीम निर्धारित 18 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 169 रन ही बना सकी जिसके चलते चंडीगढ़ ने 21 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। नोएडा के बल्लेबाज मनीष भाटी ने 79 रन, अभिषेक 23 रन, जतिन 16 रन और युवराज 12 रन बनकर भी टीम को जीत नहीं दिला सके। चंडीगढ़ के गेंदबाज युवराज ने 2 विकेट और भूपेंद्र ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार चंडीगढ़ के बल्लेबाज निर्माण को दिया गया। क्रीड़ा सभापति ज्योति अमित तिवारी ने बताया कि दिन का दूसरा मैच गाजियाबाद और हरियाणा के मध्य खेला गया। गाजियाबाद ने निर्धारित 15ओवर के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 160 रन का स्कोर बनाया। गाजियाबाद के बल्लेबाज गौरव तोमर ने 55 रन, भास्कर 43 रन और शांतनु 14 रन बनाकर टीम के स्कोर में योगदान दिया।

## पिंकी रैक्वार बनी सिलोंन की सरपंच



प्रवेश संवाद छतरपुर. अविश्वास के बाद खाली हुई सीलोन पंचायत के चुनाव में निर्वाचन मे 14 पंच उपस्थित हुए। सभी सदस्यो ने पिंकी रेंक्वार को निर्विरोध सरपंच चुना। अविश्वास प्रस्ताव के बाद शुक्रवार निर्वाचन प्रक्रिया हुई।

### संगठनात्मक मजबूती और पंचायत समितियों के गठन पर मंथन, नौगांव में कांग्रेस की अहम बैठक

## पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को न तो पार्टी में पद और न ही कोई टिकट मिलेगा : सुरेश राजे

प्रवेश संवाद नौगांव. शहर के गायत्री पैलेस में जिला कांग्रेस संगठन के तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र महाराजपुर (48) की महत्वपूर्ण संगठनात्मक आयोजित की गई। बैठक डबरा विधायक एवं जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी सुरेश राजे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिले के सहप्रभारी दिग्विजय सिंह गौर,पूर्व विधायक नीरज दीक्षित शामिल हुए जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गगन यादव के द्वारा की गई। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि सुरेश राजे ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी संघर्ष और समर्पण की परंपरा वाली पार्टी है। जो कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों में भी निष्ठा और समर्पण भाव से संगठन के लिए कार्य कर रहा है, उसे भविष्य में संगठन और पार्टी में उचित स्थान दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि पिछले चुनावों में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने वालों को पार्टी में न तो पद दिया जाएगा और न ही कोई टिकट मिलेगा, उन्हें अपनी निष्ठा साबित करने के लिए पार्टी में समय बिताना पड़ेगा तब जाकर ही उनके नाम पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी जनहितकारी योजनाएं गरीब और मजदूर वर्ग की जीवनरेखा हैं, जिन्हें कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ कांग्रेस संगठित संघर्ष



करेगी। जिला सहप्रभारी दिग्विजय सिंह गौर ने संगठनात्मक अनुशासन और एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि पंचायत स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखें और संगठन के निर्देशों के अनुसार कार्य करें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गगन यादव ने पंचायत कांग्रेस कमेटियों के गठन को संगठन की रीढ़ बताते हुए विस्तार से दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पंचायत समितियों का गठन ग्राम स्तर पर सक्रिय, निष्ठावान और जनसरोकारों से जुड़े कार्यकर्ताओं को शामिल कर किया जाएगा। प्रत्येक पंचायत में संतुलित प्रतिनिधित्व रखते हुए युवाओं, महिलाओं और अनुभवी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। समिति गठन में आपसी समन्वय, पारदर्शिता और संगठनात्मक नियमों का पालन अनिवार्य रहेगा, ताकि जमीनी स्तर पर कांग्रेस को मजबूती मिल सके। पूर्व विधायक नीरज दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों, मजदूरों और आमजन के अधिकारों की आवाज रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पंचायत स्तर पर जनता की समस्याओं को चिन्हित कर उन्हें संगठन और आंदोलन के माध्यम से मजबूती से उठाएं। जिला कांग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी ने मनरेगा बचाओ अभियान पर जोर देते हुए कहा कि इस मुद्दे को गांव-गांव तक ले जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायत समितियां इस अभियान की अहम कड़ी होंगी, जो ग्रामीण स्तर पर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगी।